15. सामान्य अशुद्धियाँ

उच्चारण तथा लेखन की शुद्धता भाषा का प्रमुख गुण है। हिंदी भाषा जैसी बोली जाती है वैसी ही लिखी भी जाती है इसलिए शब्दों का शुद्ध उच्चारण आवश्यक बन जाता है। अधिकतर शब्द या वाक्य पढ़ते या लिखते समय हम कई प्रकार की सामान्य अशुद्धियाँ करते हैं। ये अशुद्धियाँ भाषा के व्याकरण का भली-भाँति ज्ञान न होने के कारण होती हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से कुछ शब्द या वाक्य लिखवाएँ तथा जाँचें।
- ❖ लिखते समय बच्चे बहुत से शब्दों में अशुद्धि करते हैं। उन्हें इस प्रकार की अशुद्धियों से परिचित कराएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 89 पर दी वर्तनी की अशुद्धियों से परिचित करवाते हुए शुद्ध शब्द बताएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें कि वे शब्दों का उच्चारण ठीक कर रहे हैं।
- ❖ इसी प्रकार शुद्ध वाक्य भी पढ़वाएँ। पृष्ठ 90 पर दिए वाक्यों की शुद्धता से परिचित करवाएँ।
- ❖ बच्चों को भाषा के शुद्ध उच्चारण तथा लेखन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करें।
- ❖ अभ्यास करवाकर जाँचें।